कार्यालय प्रथम अपीलीय अधिकारी, जिला कलक्टर, दौसा

श्री इन्द्र दत्त शर्मा, निवासी ग्राम पोस्ट अरनियां, तहसील बांदीकुई जिला दौसा– 303313

बनाम

लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार बांदीकुई

अपील संख्या 69/2023

निर्णय दिनांक 11.10.2023

संक्षिप्त विवरण अपील इस प्रकार है कि अपीलांट द्वारा लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार बांदीकुई से सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत सूचना प्राप्त करने हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर वांछित सूचना/नकल हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया। प्रार्थी को वांछित सूचना/नकल निर्धारित समयावधि में प्राप्त नहीं हुई। इससे व्यथित होकर यह अपील पेश की गई है।

अपील दर्ज रजिस्टर की गई। लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार बांदीकुई को प्राप्त पत्रादि की छाया प्रति प्रेषित कर अपीलांट को वांछित नकल/सूचना उपलब्ध करवाई जाकर जांच टिप्पणी मंगवाई गई।

पत्रावली का अवलोकन किया गया। पत्रावली के अवलोकन से ज्ञात होता है कि अपीलांट द्वारा चाही गई सूचना लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार बांदीकुई से संबंधित है। लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार बांदीकुई को पत्र कमांकः डीएम/कोर्ट/2023/2018 दिनांक 29.09.2023 के द्वारा अपीलांट को वांछित सूचना उपलब्ध कराने हेतु निर्देश प्रदान किये गये। लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार बांदीकुई दौसा ने पत्र कमांकः आरटीआई/2023/1349 दिनांक 06.10.2023 के द्वारा अवगत कराया है कि अपीलांट को सूचना की वस्तुस्थिति से पत्र कमांकः 172 दिनांक 13.9.2023 से अवगत करा दिया गया है। उक्त पत्रादि की छाया प्रति पत्रावली में संलग्न है। इससे स्पष्ट होता है कि अपीलांट को सूचना की वस्तुस्थिति से अवगत कराया जा चुका है। ऐसी स्थिति में अपील अपीलांट खारिज योग्य है।

उपरोक्त विवेचन के आधार पर अपील अपीलांट खारिज की जाती है। संबंधित को निर्णय की प्रति प्रेषित की जावे। बाद पूर्ति पत्रावली प्रविष्ठ लेख भंडार हो।

(कमर चौधरी)
जिला कलक्टर, दौसा

जिला कलक्टर,दौसा

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official